कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, घनसाली, मुख्यालय–घुमेटीधार
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
TEMPORARY DIVISION, PUBLIC WORK DEPARTMENT,
GHANSALI, HEAD QUARTER-GHUMETIDHAR
P.O. Pilkhi, Pin Code-249181 Phone and Fax No. 01379-258327
Website- http://pwd.uk.gov.in E-Mail :-eepwdghansali@rediffmail.com

पत्रांक :– 891/10M.G. दिनांक– 27/07/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

विषय :– **जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के विकास खण्ड भिलंगना में मूलगढ–ठेला–गण्डराखाल मोटर मार्ग का भेलगढ़ी से पाण्डव गांव तक विस्तार कार्य के निर्माण हेतु 4.447 है0 वनभूमि का गैरवानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। प्रस्ताव सं0 (FP/UK/RAOD/49512/2020)**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून, का पत्रांक संख्या–8बी0/यू0सी0पी0/09/69/2021/एफ0सी0/267, दिनांक 29.06.2021 एवं प्रभागीय वनाधिकारी टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी की ऑनलाईन आपत्ति दिनांक–24.07.2021।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग का वनभूमि प्रस्ताव **(FP/UK/RAOD/49512/2020)** के द्वारा ऑनलाईन किया गया था, जिसमें जॉचोपरापरान्त भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव ऑनलाईन निम्न आपत्तियों में प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | On Persual of the proposal it is seen that a separate proposal having online No. FP/UK/RAOD/42172/2019 to connect Bhilangna and Kirtinagar (3.9737 Ha.) with felling of 719 trees was earlier proposed and the alignment of this road is connected with the proposed alignment FP/UK/RAOD/49516/2020) . As the road is continuous and links other proposed road FP/UK/RAOD/42172/2019). The state Government may provide a justification to submit to separate proposal and submit consolidated proposal. | वनभूमि ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/RAOD/49516/2020 अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली के अन्तर्गत भेलगढ़ी से पाण्डवगांव तक मोटर मार्ग प्रस्तावित है तथा FP/UK/RAOD/42172/2019 अ0ख0, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर के अन्तर्गत धार पयांकोटी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से स्यालसौड़–पन्याली होते हुए बनतोलीखाल नैलचामी (पाण्डवगांव) तक मोटर मार्ग प्रस्तावित है। भेलगढ़ी से पाण्डवगांव तक मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 2171/III(2)/16–09 (एम0एल0ए0)/2015, दिनांक–19.07.2016 के द्वारा अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली को प्राप्त हुई है तथा स्यालसौड़–पन्याली होते हुए बनतोलीखाल नैलचामी (पाण्डवगांव) तक मोटर मार्ग की प्रशासकीय एंव • वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 382/III(2)/17–10 (एम0एल0ए0)/2017, दिनांक–01.08.2017 के द्वारा अ0ख0, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर को प्राप्त हुई है। प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति अलग–अलग खण्डों व अलग वर्षों में प्राप्त होने के कारण उक्त मोटर मार्ग का वनभूमि प्रस्ताव दो भागों में गठित किया गया है। |

क्रमशः–2

D:\Ashish Negi folder name 2015 EE to DFO Letter Forest

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 2 | It is seen that the alternatives for the proposal has not been expolored. State Government may explore the alternative alignment in view of avoiding the dense path of the forest. | भेलगढ़ी से पाण्डवगांव मोटर मार्ग का सम्पूर्ण क्षेत्र अतिसघन वनों से आच्छादित होने के कारण वैकल्पिक समरेखण पर विचार नहीं किया गया है। यदि वैकल्पिक समरेखण किया जाता है, तो अधिक वनभूमि क्षेत्र अधिग्रहीत होगा तथा अधिक वृक्षों के पातन होने की सम्भावना भी बनी रहेगी। |
| 3 | State Government is also requested to submit the detailed justification for connecting two existing road having very dense forest area and large number of trees. | भिलंगना विकास खण्ड का नैलचामी पट्टी क्षेत्र शैक्षणिक व सांस्कृतिक दृष्टि से कीर्तिनगर विकासखण्ड से काफी पहले से जुडा रहा है तथा इस क्षेत्र के लोग उच्च शिक्षा गढवाल विश्वविद्यालय परिसर से ग्रहण करते रहे हैं। इस पट्टी की जिला मुख्यालय नई टिहरी से दूरी लगभग 72 किमी0 है जबकि श्रीनगर की दूरी लगभग 50 किमी0 है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से भी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। |
| 4 | Staete Govrnment is also requested to submit the distance of Bhilangana to kirtinagar and the existing distance reduced from this road duly authenticated by compertent authority. | उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से विकास खण्ड भिलंगना की नैलचामी पट्टी (जनसंख्या लगभग 15000) को कीर्तिनगर से सडक संयोजकता प्राप्त होगी। इस क्षेत्र के केन्द्र बिन्दु ठेला (नैलचामी) से कीर्तिनगर की दूरी मात्र 49 कि0मी0 रह जायेगी, जो कि वर्तमान में जाखधार होते हुये 75 कि0मी0 है। अतः मोटर मार्ग के निर्माण से सडक मार्ग की दूरी 26 कि0मी0 कम होगी, तथा इस क्षेत्र को राष्ट्रीय राज्यमार्ग सं0 58 के मुख्य विपणन केन्द्र कीर्तिनगर व श्रीनगर से प्रत्यक्ष सडक संयोजकता प्राप्त होगी। |

अतः सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 2/7/21

(इं0 डी0 सी0 नौटियाल)
अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0, लो0नि0वि0,घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार

पत्रांक — / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :— 01. सहायक अभियन्ता, अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली को सूचनार्थ प्रेषित।
02. श्री अनुराग त्रिपाठी, कनिष्ठ अभियन्ता, अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
अ0ख0, लो0नि0वि0,घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार



Scanned with CamScanner